Roll No. ........................... Total Printed Pages - 4

# F-3475

## M.A. (Previous) EXAMINATION, 2022

### HINDI

### Paper First

### (हिन्दी साहित्य का इतिहास)

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks:100*

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा और विकास को विस्तारपूर्वक समझाइए। **15**

**अथवा**

आदिकाल के सिद्ध एवं जैन साहित्य के प्रमुख कवि एवं साहित्य की विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. ''भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए। **15**





**अथवा**

''सूफी काव्यधारा'' पर एक परिचयात्मक लेख लिखिए।

3. रीतिकालीन काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए रीतिकालीन काव्य की प्रमुख काव्यधाराओं का परिचय दीजिए। **15**

**अथवा**

द्विवेदी युग के प्रमुख कवियों के नाम लिखते हुए द्विवेदी युग की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. प्रगतिवाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रगतिवादी प्रमुख कवियों के नाम-उल्लेख कीजिए। **15**

**अथवा**

हिन्दी निबंध के विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : **प्रत्येक 4**

(i) रासो काव्य

(ii) समकालीन कविता

(iii) छायावाद

(iv) संतकाव्य

(v) हिन्दी कहानी : विकास

(vi) उर्दू साहित्य

(vii) रामकाव्य

(viii) भारतेन्दु युगः रचनाकार

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं बीस** प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिये। **प्रत्येक 1**

(i) 'बीजक' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) 'राम की शक्ति पूजा' किसकी रचना है?

(iii) सूरदास के गुरु का नाम लिखिए।

(iv) अष्टछाप के कवियों का संबंध किस धारा से है?

(v) 'रामचरितमानस' किस भाषा में लिखा गया है?

(vi) प्रेमचन्द्र के **दो** उपन्यासों के नाम लिखिए।

(vii) 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है?

(viii) प्रथम 'तार सप्तक' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ?

(ix) जायसी कृत 'पद्मावत्' में कोई **दो** पात्रों के नाम लिखिए।

(x) 'परमाल रासो' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xi) 'कीर्तिलता' किसकी रचना है?

(xii) प्रकृति के सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?

(xiii) ''अजगर करै न चाकरी, पंछी करे न काम'' किस कवि की पंक्ति है?





(xiv) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' किसकी रचना है?

(xv) हिन्दी साहित्य इतिहास के प्रारंभिक काल को 'आदिकाल' किसने कहा?

(xvi) किसी एक प्रसिद्ध हिन्दी आलोचक का नाम लिखिए।

(xvii) 'कामायनी' में कितने सर्ग हैं?

(xviii) 'हरी घास पर क्षण भर' काव्य संग्रह के कवि का नाम लिखिए।

(xix) 'घुमक्कड़ शास्त्र' किसकी रचना है?

(xx) 'चिन्तामणि' किस रचनाकार का निबंध संकलन है?

(xxi) डॉ. हरिवंशराय बच्चन ने किस वाद का प्रवर्तन किया?

(xxii) गजानन माधव मुक्तिबोध छत्तीसगढ़ के किस महाविद्यालय में प्राध्यापक थे?

(xxiii) देवकीनन्दन खत्री के चर्चित उपन्यास का नाम लिखिए।

(xxiv) डॉ. नगेन्द्र की रस-विषयक प्रमुख पुस्तक का नाम लिखिए।

(xxv) बख्शी जी ने किस राष्ट्रीय पत्रिका का संपादन किया था?